फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कोटपूतली–बहरोड़

गजेन्द्र बनाम कृष्ण कुमार उर्फ पप्पू व अन्य

केस संख्या ....71....../2024 प्रा0 पत्र मुन्तकिल

दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
29.10.2024	दरख्वास्तगुजार ने जरिये अधिवक्ता न्यायालय उपखण्ड अधिकारी नीमराना के समक्ष विचाराधीन प्रकरण बउनवानी आदेश बनाम नत्थू वगै0 प्रकरण संख्या 175/2011 एवं 46/2016 एवं स्थगन प्रार्थना पत्र संख्या 144/2011 व 44/2016 को दीगर न्यायालय में मुन्तकिल किये जाने का निवेदन किया है। उक्त प्रार्थना पत्र पूर्व में भी इस न्यायालय में विचाराधीन था, जो दिनांक 15.10.2024 को प्रकरण से संबंधित पीठासीन अधिकारी का स्थानान्तरण हो जाने पर सारहीन होने से खारिज हो गया था। चूंकि उक्त प्रकरण पूर्व पीठासीन अधिकारी के विरूद्ध न्याय की आशंका जाहिर कर पेश किया गया था जो पीठासीन अधिकारी के स्थानान्तरण होने से सारहीन होने पर दिनांक 15.10.2024 को खारिज किया गया है। अब पुनः नये पीठासीन अधिकारी के विरूद्ध उक्त मुन्तकिल प्रार्थना पत्र 15 दिवस में ही पेश किया गया है जिससे यह प्रतीत होता है कि अधीनस्थ न्यायालय के प्रकरण के निस्तारण में विलम्ब करने एवं अधीनस्थ न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण के निस्तारण को रोकने के उद्देश्य से यह मुन्तकिल प्रार्थना पत्र बार–बार पेश किया जा रहा है, जो न्याय के सिद्धान्त के विरूद्ध है। अतः उक्त मुन्तकिल प्रार्थना पत्र को प्रारम्भिक स्तर पर ही खारिज किया जाता है। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर होकर फेसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। जिला कलक्टर कोटपूतली–बहरोड़	